>

Title: Need to establish a Research Centre for Japanese Encephalitis in district Deoria, Uttar Pradesh.

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल एवं बिहार के कुछ सीमावर्ती इलाकों में जापानी इन्सेफेलाइटिस दिमागी बुखार का प्रकोप कई सालों से हर साल होता आ रहा है जिससे प्रकोप के समय रोजाना पांच या छः व्यक्ति इस बीमारी से मरते हैं। यह बीमारी कई सालों से लगातार देवरिया के इलाके के आस-पास के जिलों में एवं गोरखपुर तक रहती है परन्तु देवरिया जिले से सटे जिले में इस बीमारी का प्रकोप ज्यादा रहता है। जलवायु एवं कुछ वातावरण के चलते दिमागी बुखार का प्रकोप हर साल होता है और कभी-कभी तो यह महामारी का रूप भी ले लेती है। सरकारी प्रयासों से इलाज किये जाते हैं परन्तु यह बीमारी हर साल क्यों पैदा होती है और इसके क्या कारण हैं एवं इसकी रोकथाम कैसे की जा सकती है इसके समाधान हेतु मेरा सुझाव है कि उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में जापानी इन्सेफेलाइटिस दिमागी बीमारी से संबंधित अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया जाये क्योंकि इस बीमारी का केन्द्र बिंदु देवरिया जिला है और इसी जिले में ज्यादा लोग प्रभावित होते हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जापानी इन्सेफेलाइटिस दिमागी बीमारी सम्बन्धित अनुसंधान केन्द्र उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में ही स्थापित किया जाये जिससे इस बीमारी का सघन अध्ययन किया जा सके।